# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,**

**उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर, बस्ती-272002**

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail..com


Google Play

**पत्रांक** 595/ M-3 /61 **दिनांक** 29/8/2026

**सेवा में,**

जिलाधिकारी,
बस्ती।

**विषय:-** **दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 29.08.2026 को प्रकाशित "84 गांवों में जल जीवन मिशन का काम अधूरा" के नकारात्मक क्लीपिंग/निस्तारण के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दिनांक 29.08.2026 को प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र "अमर उजाला" के नकारात्मक पेपर कटिंग **"84 गाँवों में जल जीवन मिशन का काम अधूरा"** शीर्षक के अन्तर्गत विकास खण्ड- गौर अन्तर्गत विभिन्न पेयजल योजनाओं का निरीक्षण सहा०अभि० द्वारा कराया गया, आख्या निम्नानुसार है-

जनपद-बस्ती के विकास खण्ड-गौर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 84 पेयजल योजनाएं स्वीकृत है, जिसमें मेसर्स मेघा फेज-2 की 10 नग, मेसर्स मेघा फेज-3 की 42 नग तथा फेज-5 में मेसर्स जैक्सन कम्पनी द्वारा 32 नग पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। जिसमें से कुल 08 नग पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति की जा रही है। समस्त पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य लक्षित समयान्तर्गत(वर्ष, 2028 तक) पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

1. **सरनागी ग्राम समूह पेयजल योजना** का भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 266.10 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि०, फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम - (3) सरनागी, मझौवा, गढ़हा दलथम्हन

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप | 01 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 225 KL/12m) | 01 नग | 90% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 7.90 किमी० | 6.50 किमी० |
| 4 | पम्पिंग प्लांट | 01 नग (12.5HP) | पूर्ण |
| 5 | पम्पहाउस | 01 नग | पूर्ण |
| 6 | बाउन्ड्रीवाल | 01 नग | पूर्ण |
| 7 | सोलर सिस्टम (20 KW) | 01 नग | पूर्ण |
| 8 | स्टैण्ड पोस्ट | 06 | 06 पूर्ण |
| 9 | गृह संयोजन | 548 नग | 190 नग |




योजना पर ज्वाईटिंग, पाईप लाईन एवं गृह संयोजन के कार्य प्रगति पर है जिसे लगभग 02 माह में पूर्ण किया करा दिया जायेगा।

2. **सिद्धौर ग्राम समूह पेयजल योजना** का भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

- स्वीकृत वर्ष - 2022-23
- स्वीकृत लागत - रु० 268.30 लाख
- कार्यदायी फर्म - मेसर्स मेघा इंजी० इन्फ्रा० लि०, फेज-3
- सम्मिलित राजस्व ग्राम - (2) सिद्धौर, इटबहरा

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1 | नलकूप | 01 नग | पूर्ण |
| 2 | शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 175 KL/12m) | 01 नग | 90% |
| 3 | वितरण प्रणाली | 9.90 किमी० | 6.20 किमी० |
| 4 | पम्पिंग प्लांट | 01 नग (12.5HP) | पूर्ण |
| 5 | पम्पहाउस | 01 नग | 60% |
| 6 | बाउन्ड्रीवाल | 01 नग | 60% |
| 7 | सोलर सिस्टम (20 KW) | 01 नग | पूर्ण |
| 8 | स्टैण्ड पोस्ट | 06 | 06 पूर्ण |
| 9 | गृह संयोजन | 471 नग | 180 नग |


योजना के शेष कार्य प्रगति पर है जिसे लक्षित समयान्तर्गत दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है। यह भी अवगत कराना है कि सम्बन्धित समाचर पत्र द्वारा किसी सक्षम अधिकारी का वर्जन/पक्ष नहीं लिया गया है। समाचार पत्र में लिखा गया है कि किसी भी ग्राम में जलापूर्ति नहीं की जा रही है। विभाग इन तथ्यों का खण्डन करता है। विकास खण्ड-गौर में 08 पेयजल योजनाओं पर नियमित रूप से जलापूर्ति की जा रही है।

जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है। अतः उपरोक्त प्रकरण को निस्तारित करने की कृपा करें।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता